मॉडल प्रश्न पत्र
सत्र–2022–23
कक्षा 10
वाणिज्य

समय– 3घण्टा 15 मिनट **पूर्णांक –70**

नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित है। इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड हैं। खण्ड 'अ' में 20 अंक के 20 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देने हैं। ओ0एम0आर0 पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेज़र (*Eraser*), व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें। दूसरा खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

खण्ड 'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न **1×20 (प्रत्येक 1 अंक)**

1–यदि तलपट में अन्तिम रहतिया दिया गया हो तो उसे दिखाया जाता है–

क– व्यापार खाते में
ख– आर्थिक चिट्ठे में
ग– व्यापारिक खाते तथा चिट्ठे में
घ– लाभ हानि खाते में

2–समायोजन का लेखा कितने स्थानों पर प्रभाव डालता है?

क– चार
ख– तीन
ग– दो
घ– एक

3–बैंकिंग अधिनियम कब लागू हुआ?

क– 1872 में
ख– 1932 में
ग– 1949 में
घ– 1956 में

4– 12 जून को दो माह की अवधि का बिल लिखा, भुगतान तिथि होगी–

क– 12 अगस्त
ख– 14 अगस्त
ग– 15 अगस्त
घ– इनमें से कोई नहीं

5–नस्तीकरण की किस प्रणाली में पत्र खड़ी अवस्था में रखे जाते है?

क– तार वाली फाइल
ख– फोल्डर फाइल
ग– शलाखों वाली फाइल
घ– वर्टीकल फाइलिंग कैबिनेट

6–कोड भाषा में लिखे गए तारों को कहते है–

क– फोनोग्राम
ख– सांकेतिक तार
ग– गुप्त भाषा के तार
घ– विदेशी तार

7– समय व श्रम बचाने वाले यंत्र है–

क– समय–लेखन मशीन
ख– कम्प्यूटर
ग– टाइपराइटर
घ– ये सभी

8–दो देशों के मध्य होने वाले व्यापार को कहते हैं–

क– देशी व्यापार
ख– विदेशी व्यापार
ग– राज्यीय व्यापार
घ– अन्तरराज्यीय व्यापार

9–थोक व्यापारी किनके बीच कड़ी का कार्य करते है?

क– उत्पादक व ग्राहक
ख– उत्पादक व सरकार
ग– उत्पादक व फुटकर व्यापारी
घ– इनमें से कोई नहीं

10–बाटा शू कम्पनी है?

क– विभागीय भण्डार
ख– उपभोक्ता सहकारी भण्डार
ग– श्रृंखलाबद्ध भण्डार
घ– ये सभी

11– बीजक किसके द्वारा तैयार किया जाता है?

क– क्रेता के द्वारा
ख– विक्रेता के द्वारा
ग– एजेण्ट के द्वारा
घ– इन सभी के द्वारा

12–समाशोधन गृह का कार्य कौन सा बैंक करता हैं?

क– केनरा बैंक
ख– पंजाब नेशनल बैंक
ग– केन्द्रीय बैंक
घ– इनमें से कोई नहीं

13–निम्नलिखित में से कौन–सा कार्य रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया करता है?

क– साख नियन्त्रण करना
ख– अंशो को क्रय करना
ग– जमाओं पर ब्याज देना
घ– अचल सम्पत्ति पर ऋण देना

14–स्टेट बैंक का केन्द्रीय कार्यालय कहां हैं?

क– नई दिल्ली में
ख– चेन्नई में
ग– कोलकाता में
घ– मुम्बई में

15–व्यापारिक बैंक किस प्रकार का ऋण देते हैं?

क– अल्पकालीन
ख– मध्यमकालीन
ग– दीर्घकालीन
घ– इनमें से कोई नहीं

16– न्यू बैंक ऑफ इण्डिया का विलय किस बैंक में किया गया?

क– पंजाब नेशनल बैंक　　ख– केनरा बैंक
ग– स्टेट बैंक　　घ– रिजर्व बैंक

17–देशी बैंकर किस प्रकार के ऋण प्रदान करते हैं?

क– अल्पकालीन　　ख– दीर्घकालीन
ग– अल्पकालीन व दीर्घकालीन दोनो　　घ– मध्यमकालीन

18–उपयोगिता ह्रास नियम के प्रतिपादक अर्थशास्त्री का नाम क्या था?

क– मार्शल　　ख– गोसेन
ग– एडम स्मिथ　　घ– प्रो0 चैपमैन

19– बचत करने से पूंजी में होती है?

क– कमी　　ख– वृद्धि
ग– कोई परिवर्तन नहीं होता है　　घ– कमी व वृद्धि दोनों

20–चालू सम्पत्ति है–

क– रोकड़　　ख– फर्नीचर
ग– मशीनरी　　घ– इनमें से कोई नहीं

खण्ड 'ब'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न　　**2× 5 (प्रत्येक 2 अंक)**

21– उपार्जित आय से आप क्या समझते हैं?

22–अनुग्रह दिवस किसे कहते है?

23–खड़ी एवं लेटी फाइल प्रणाली में क्या अन्तर है?

24–स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के कोई दो उद्देश्य बताइए।

25–सीमान्त उपयोगिता का क्या अर्थ है?

लघु उत्तरीय प्रश्न　　**4×4 (प्रत्येक 4 अंक)**

26–चेक को रेखांकित करने की विधि लिखिए।

27–नस्तीकरण की श्रेष्ठ प्रणाली कौन सी है?

28–भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं चार कार्यो के नाम लिखिए।

29–संचय से आप क्या समझते हैं। इसके उद्देश्य बताइए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **8×3 (प्रत्येक 8 अंक)**

30–31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ''महेश ट्रेडर्स'' के अन्तिम खाते निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर बनाइएः–

खातों के नाम	Dr Rs	Cr Rs
पूँजी		53,500
रोकड	2080	
क्रय एवं विक्रय	80,000	1,12,800
वेतन	6000	
किराया एवं कर	4800	
सामान्य व्यय	3000	
कमीशन		880
अशोध्य ऋण	500	
अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान		600
विक्रय वापसी	800	
फर्नीचर	6000	
प्लाण्ट	30000	
प्रारम्भिक रहतिया	24600	
देनदार एवं लेनदार	30000	20000
योग	187780	187780

समायोजनाएं :–

1–अन्तिम रहतिया 32000 रु0

2–पूर्वदत्त कर 600 रु0

3–ह्रास की व्यवस्था कीजिए– प्लाण्ट 10% फर्नीचर 15%

4–अशोध्य ऋण प्रावधान को 400 रु0 से बढ़ाइए।

अथवा

समायोजनाओं से आप क्या समझते हैं? समायोजनाएं क्यों आवश्यक होती हैं? किन्ही चार समायोजनाओं के बारे में लिखिए तथा आवश्यक लेखे भी बताइए।

31–निम्न विवरण से बीजक बनाइए–

विक्रेता–राजू पुस्तक भण्डार, आदर्श नगर, कानपुर।

क्रेता–राम लाल एण्ड संस, कटरा प्रयागराज।

लेनदेनों का विवरण–

50 प्रतियां– हाईस्कूल वाणिज्य दर 50 रूपया प्रति

50 प्रतियां– इंटरमीडिएट वाणिज्य दर 100 रूपया प्रति

40 प्रतियां– एडवान्स एकाउन्टेन्सी दर 80 रूपया प्रति

किए गए व्यय–

पैकिंग 200 रू0

भाड़ा 175 रू0

लोडिंग 80 रू0

बीमा 400 रू0

शर्ते 1–व्यापारिक छूट 10

2–एक माह के अन्दर भुगतान कर देने पर 2% नकद छूट प्रदान की जाती है।

अथवा

बैंको के राष्ट्रीयकरण के लाभ एवं हानियों का वर्णन कीजिए।

32–व्यय तथा बचत से आप क्या समझते हैं? व्यय और बचत के महत्व का वर्णन कीजिए।

अथवा

व्यावसायिक कार्यालयों में प्रयोग किये जाने वाले किन्ही चार समय एवं श्रम बचाने वाले यंत्रों का वर्णन कीजिये।
